जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 /३२१७/ 2026 दिनांकः 17 अप्रैल, 2026

सेवा में,

1. निदेशक शैक्षणिक,
   विश्वविद्यालय परिसर।

2. प्राचार्य / प्राचार्या,
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
   बलिया।

विषयः 'नारी शक्ति वंदन' के दृष्टिगत कार्यक्रम आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–2396 / 32–जी0एस0 / 2026, दिनांकः 16 अप्रैल, 2026 (संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **'नारी शक्ति वंदन'** के दृष्टिगत तथा नारी के सम्मान और सशक्तिकरण हेतु विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

तत्क्रम में आपसे आग्रह है कि उक्त पत्र में उल्लिखित कार्यक्रमों को अपने स्तर से आयोजित करने एवं उपर्युक्त कार्यक्रमों की रिपोर्ट और फोटो / वीडियो विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0: **jncuballia@gmail.com** पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहाताल, जिला–बलिया,उ0प्र0, पिनकोडः–277301
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code- 277301
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

लखनऊ–226027

संख्याः ई– 2396/32–जी.एस./2026

दिनांकः 16 अप्रैल, 2026

प्रेषकः

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
विशेष कार्याधिकारी,
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया आप अवगत हैं कि विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने हेतु 'नारी शक्ति वंदन' के लिए विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है । वर्तमान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है, जिसमें Ph.D. नामांकन में दोगुनी वृद्धि और STEM शिक्षा में महिलाओं का प्रतिशत 43% तक पहुँचना एक गौरवशाली उपलब्धि है ।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दिनांक 16.04.2026 से 18.04.2026 तक लोकसभा में बजट सत्र की होने वाली विशेष बैठक में 'नारी शक्ति वंदन' के दृष्टिगत तथा नारी के सम्मान और सशक्तिकरण हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं:–

2.1 दिनांक 16.04.2026 से 18.04.2026 तक लोकसभा में बजट सत्र की होने वाली विशेष बैठक में 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक पारित होने का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा अपने–अपने परिसर में प्रदर्शन कराया जाय और इसे अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं को दिखाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

2.2 शैक्षणिक एवं जागरूकता सत्रनारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा: आगामी बजट सत्र (16–18 अप्रैल) में होने वाली विशेष बैठक और इस ऐतिहासिक कानून के महत्व पर सेमिनार आयोजित किए जाएं ।

2.3 महिला नेतृत्व (Women & led Development): जी–20 के विजन के अनुरूप 'महिला विकास' के स्थान पर 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' के विषय पर परिचर्चा आयोजित की जाए ।

2.4 कौशल एवं नवाचार (Skill & Innovation)STEM में प्रोत्साहन: छात्राओं को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के क्षेत्र में अनुसंधान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएं ।

2.5 ड्रोन एवं वोकेशनल ट्रेनिंग: 'ड्रोन दीदी' जैसी सफल पहलों से प्रेरणा लेकर छात्राओं के लिए आधुनिक कृषि और तकनीकी कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

Scanned with OKEN Scanner

2.6 सामाजिक न्याय एवं संवेदनशीलता संविधान एवं अधिकार: लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी और उनके संवैधानिक अधिकारों (जैसे– आरक्षण और सामाजिक न्याय) पर विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित हों

2.7 महिला सुरक्षा: 'भारतीय न्याय संहिता' के तहत महिला सुरक्षा हेतु किए गए कानूनी बदलावों और 'ई–एफ़आईआर' जैसी सुविधाओं के प्रति जागरूकता फैलाई जाए।

2.8 सफलता की कहानियों का प्रदर्शन: विश्वविद्यालय परिसर में उन महिलाओं की सफलता की गाथाएं प्रदर्शित की जाएं जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट, और खेल जगत से लेकर फाइटर पायलट बनने तक देश का गौरव बढ़ा रही हैं ।

2.9 जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया जाय।

2.10 कम से कम 3 कि.मी. की पदयात्रा का आयोजन किया जाय।

2.11 नुक्कड नाटक / लघु नाटक का आयोजन किया जाय।

2.12 वाद–विवाद / संवाद / सेमिनार आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाय।

3 अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा कराकर इन कार्यक्रमों की रिपोर्ट और फ़ोटो / वीडियो सहित इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा. सुधीर एम. बोबड़े)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
भा.प्र.से.(से.नि.)
(अपर मुख्य सचिव स्तर)

Scanned with OKEN Scanner